ई–मेल द्वारा प्रेषित

प्रेषक,

प्राचार्य,
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय,
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)।

सेवा में,

संयुक्त निदेशक,
उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड,
क्षेत्रीय कार्यालय,
दून विश्वविद्यालय परिसर,
देहरादून।

पत्रांकः 253 / न0मु0अ0 / 2023–24 दिनाँकः 19.10.2023

विषयः नशामुक्त उत्तराखण्ड अभियान एवं ड्रग फ्री देवभूमि अभियान की आख्या के प्रेषण ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत करना चाहते हैं कि दिनाँक 19.10.2023 को महाविद्यालय में नशामुक्ति पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें डॉ0 धनंजय शर्मा ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मादक द्रव्यों के सेवन से मनुष्य का जीवन खतरे में पड़ जाता है जिसका व्यक्ति, परिवार और समाज के एक बड़े वर्ग पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य जनता तक पहुँचना और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मादक द्रव्यों के सेवन के बारे में जागरूताा फैलाना है।

डॉ0 भूपेन्द्र ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में विशेषकर युवा पीढ़ी में न केवल नशीली दवाओं का उपयोग करने वाले व्यक्ति पर बल्कि बडे पैमाने पर परिवार और समाज पर भी खतरनाक प्रभाव पड़ता है। नशीली दवाओं के दुरूपयोग से अपराध दर में वृद्वि हो रही है।

डॉ0 रेणु ने आने सम्बोधन में कहा कि युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है। आज की युवा पीढ़ी शराब, तम्बाकू उत्पाद, चरस, अफीम आदि का सेवन कर रही है। इसके लिए सरकार को कठोर से कठोर नियम बनाने चाहिए।

श्री मनमोहन सिंह ने छात्र/छात्राओं के सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें नशे के खिलाफ न केवल स्वयं जाग्रत होना ही अपितु समाज को भी जाग्रत करना है। यदि हम अपने जीवन में दृढ़ संकल्प कर लें तो हम नशे से मुक्ति पा सकते हैं।

कृपया प्राप्ति स्वीकार करें।

संलग्नकः– कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स।

भवदीय

कार्यक्रम ~~समन्वयक~~
कार्यक्रम संयोजक
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

~~प्रभारी प्राचार्य~~
प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)





कार्यक्रम संयोजक
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)